इंडियन बैंक Indian Bank
इलाहाबाद ALLAHABAD

# प्रेस विज्ञप्ति

**30.07.2022**

## 30 जून 2022 को समाप्त तिमाही के वित्तीय परिणाम

***बैंक का वैश्विक कारोबार रुपए 10,00,000 करोड़ से अधिक है***

***परिचालन लाभ में तिमाही-दर-तिमाही 30%, वर्ष-दर-वर्ष 4% की वृद्धि हुई***

***निवल लाभ में तिमाही-दर-तिमाही 23%, वर्ष-दर-वर्ष 3% की वृद्धि हुई***

## मुख्य बातें (जून 2021 के सापेक्ष जून 2022 को समाप्त तिमाही)

- जून 2021 के रु. 1182 करोड़ के निवल लाभ के सापेक्ष जून 2022 में यह वर्ष-दर-वर्ष 3% बढ़कर रु. 1213 करोड़ रहा।
- जून 2021 के रु. 3416 करोड़ के परिचालन लाभ के सापेक्ष जून 2022 में यह वर्ष-दर-वर्ष 4% बढ़कर रु. 3564 करोड़ रहा।
- बैंक की निवल ब्याज आय जून 2021 के रु. 3995 करोड़ के सापेक्ष जून 2022 में वर्ष-दर-वर्ष 13% बढ़कर रु. 4534 करोड़ हो गई।
- फीस आधारित आय जून 2022 में 35% बढ़कर रु. 627 करोड़ हो गई।
- गैर ब्याज आय (राजकोष आय को छोडकर) जून 2021 के रु. 1261 करोड़ के सापेक्ष जून 2022 में 37.67% बढ़कर रु. 1736 करोड़ रही।
- जून 2021 में 2.85% के सापेक्ष घरेलू निवल ब्याज मार्जिन (एनआईएम) जून 2022 में 3.10% रहा।
- जून 2022 में आस्तियों पर प्रतिलाभ (**RoA**) 0.73% रहा।
- जून 2022 में इक्विटी पर प्रतिलाभ (**RoE**) 14.18% रहा।
- जून 2021 के रु. 389626 करोड़ के सापेक्ष अग्रिम जून 2022 में वर्ष-दर-वर्ष 9% बढ़कर रु.425203 करोड़ रही।
- जून 2021 में रु. 218730 करोड़ के सापेक्ष जून 2022 में रैम (खुदरा, कृषि एवं एमएसएमई) 12% बढ़कर रु. 244247 करोड़ हो गया।
- खुदरा, कृषि एवं एमएसएमई अग्रिमों में क्रमशः 14%, 13% व 8% वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि हुई। घरेलू अग्रिमों में खुदरा, कृषि एवं एमएसएमई (**RAM**) क्षेत्र का योगदान 61% रहा। गृह ऋण में **11%,** ऑटो ऋण में **22%** वैयक्तिक ऋण में **32%** और गोल्ड ऋण में **42%** वृद्धि हुई।
- जून 2022 में वर्ष-दर-वर्ष 8% बढ़कर जमा रु. 584251 करोड़ हो गई।
- कासा में 8% वृद्धि हुई है जिसमें से चालू जमा खाता में वर्ष-दर-वर्ष **14%** वृद्धि एवं बचत जमा खाता में वर्ष-दर-वर्ष **7%** वृद्धि हुई है। कासा अनुपात 41% रहा।

- सकल गैर निष्पादक आस्तियों में वर्ष-दर-वर्ष 156 बीपीएस की कमी आने से यह 9.69% से 8.13% हुआ, निवल गैर निष्पादक आस्तियों में वर्ष-दर-वर्ष 135 बीपीएस की कमी आने से यह जून 2021 के 3.47% के सापेक्ष 2.12% रहा।
- जून 2021 में 82% के सापेक्ष प्रावधान कवरेज अनुपात (पीसीआर) में वर्ष-दर-वर्ष 608 बीपीएस वृद्धि होने से यह 88.08% रहा।
- पूंजी पर्याप्तता अनुपात (सीआरएआर) 16.51% रहा। सीईटी में वर्ष-दर-वर्ष 96 बीपीएस की वृद्धि से यह 12.53% रहा। टियर I पूंजी में वर्ष-दर-वर्ष 95 बीपीएस की वृद्धि से यह 13.17% रही।

## मुख्य बातें (मार्च 2022 के सापेक्ष जून 2022 को समाप्त तिमाही)

- मार्च 2022 में रु. 984 करोड़ के सापेक्ष निवल लाभ में तिमाही-दर-तिमाही 23% वृद्धि होने से यह जून 2022 में रु. **1213** करोड़ रहा।
- मार्च 2022 में रु. 2738 करोड़ के सापेक्ष जून 2022 में परिचालन लाभ **30%** बढ़कर रु. 3564 करोड़ रहा, यह मुख्यतः स्प्रेड एवं अन्य आय के कारण हुआ।
- मार्च 2022 के रु. 4255 करोड़ के सापेक्ष जून 2022 में बैंक की निवल ब्याज आय वर्ष-दर-वर्ष 7% बढ़कर रु. 4534 करोड़ हो गई।
- मार्च 2022 के रु. 1489 करोड़ के सापेक्ष जून 2022 में गैर ब्याज आय (राजकोष आय को छोड़कर) 17% बढ़कर रु. 1736 करोड़ रही।
- क्रमिक तिमाही-दर-तिमाही आधार पर मार्च 2022 में 0.62% के सापेक्ष जून 2022 में आस्तियों पर प्रतिलाभ (**RoA**) 11 बीपीएस बढ़कर 0.73% रहा।
- गत तिमाही में 11.70% के सापेक्ष जून 2022 में इक्विटी पर प्रतिलाभ (**RoE**) बढ़कर 14.18% रहा।
- गत तिमाही में 53.03% के सापेक्ष जून 2022 में आय-लागत अनुपात 41.94% रहा।
- जून 2021 में 2.85% के सापेक्ष घरेलू निवल ब्याज मार्जिन (एनआईएम) जून 2022 में वर्ष-दर-वर्ष 25 बीपीएस बढ़कर 3.10% रहा। क्रमिक तिमाही-दर-तिमाही आधार पर इसमें 23 बीपीएस की वृद्धि हुई।

## 30 जून, 2022 को कारोबार निष्पादन की मुख्य बातें

**कारोबार :**

- जून 2021 में रु. 929708 करोड़ के सापेक्ष जून 2022 में कुल कारोबार में वर्ष-दर-वर्ष 9% की वृद्धि दर्ज करते हुए यह रु. 1009454 करोड़ हो गया।

- विगत वर्ष में रु. **389626** करोड़ के सापेक्ष जून **2022** में अग्रिमों में **9%** की वृद्धि होकर यह रु. **425203** करोड़ हो गए, यह वृद्धि मुख्यतः रैम क्षेत्र **(12%)** से हुई जिसमें से खुदरा, कृषि व एमएसएमई में क्रमशः **14%,13%** व **8%** की वृद्धि हुई। क्रमिक तिमाही-दर-तिमाही आधार पर अग्रिमों में 2% तक की वृद्धि हुई है।
- गत वर्ष में रु. **540082** करोड़ के सापेक्ष जून **2022** में कुल जमा वर्ष-दर-वर्ष **8%** बढ़कर रु. **584251** करोड़ रही।
- जून **2022** में कासा जमाओं में वर्ष-दर-वर्ष **8%** की वृद्धि होने से यह रु. 237967 करोड़ हुआ। कुल जमाओं में कासा की हिस्सेदारी, पिछले वर्ष के 41.**42%** के सापेक्ष जून **2022** में **41.29%** रही। कासा में हुई वृद्धि मुख्यतः चालू जमा खाता में वर्ष-दर-वर्ष **14%** वृद्धि एवं बचत जमा खाता में वर्ष-दर-वर्ष 7**%** वृद्धि के कारण हुई है।
- प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के पोर्टफोलियो में मार्च **2022** के रु. **148806** करोड़ रुपये के सापेक्ष जून **2022** में रु. **159653** करोड़ की वृद्धि हुई। प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के अग्रिमों का प्रतिशत एएनबीसी की **40%** की विनियामक आवश्यकता के सापेक्ष **46.91%** है।

**नेटवर्क :**

- बैंक की 5721 घरेलू शाखाएँ हैं जिनमें से 1938 ग्रामीण शाखाएँ हैं, 1493 अर्ध-शहरी शाखाएँ हैं, 1156 शहरी शाखाएँ हैं एवं 1134 मेट्रो शाखाएँ हैं तथा 3 ओवरसीज़ शाखाएँ हैं।
- बैंक के 4824 एटीएम व बीएनए हैं एवं 9892 बीसी हैं।

## हमारा विशेष ध्यान

इंडियन बैंक ने लगातार व्यावसायिक विकास प्राप्त करने के लिए टियरबद्ध दृष्टिकोण अपनाया है जिसमें क्षमताओं के निर्माण की शुरूआत करते हुए असाधारण ग्राहक सेवा प्रदान करने के लिए परिचालन को सुव्यवस्थित करना और हितधारकों के लिए व्यावसायिक मूल्य बढ़ाना शामिल हैं। समय और संसाधनों को बचाने और ग्राहकों की संतुष्टि को बढ़ाने के लिए बैंक का दृष्टिकोण पारंपरिक से डिजिटल बैंकिंग की ओर अग्रसर है।

जैसा कि महामारी के बाद अर्थव्यवस्था खुली है, ऋण की मांग बढ़ गई है जो घरेलू अर्थव्यवस्था में सुधार का संकेत है। बैंक बाजार की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए अच्छी तरह से सुसज्जित है और कॉर्पोरेट के साथ-साथ खुदरा ग्राहकों पर भी बल दिया जा रहा है। हम अस्थिर वैश्विक परिस्थितियों के कारण अर्थव्यवस्था पर भी नजर रख रहे हैं तथा बढ़ती मुद्रास्फीति और आरबीआई व सरकार द्वारा किए जा रहे उपायों के अनुसार कार्य कर रहे हैं।